रणजीत टाइम्स
वर्ष : 1, अंक: 90 इंदौर, मंगलवार 4 मार्च 2025
RNI-NO.MPHIN/2015/64585
DIGITAL EDITION



# ड्रग माफिया कनेक्शन

## ड्रग माफिया से कनेक्शन के आरोप में इंदौर में आजाद नगर थाने का सिपाही गिरफ्तार

**रंजीत टाइम्स » इंदौर**

इंदौर तेजाजी नगर पुलिस ने आजाद नगर थाने के सिपाही लखन गुप्ता को गिरफ्तार किया है। सिपाही पर आजाद नगर क्षेत्र को नशे का गढ़ बनाने का आरोप है। सिपाही को पैडलर शाहरुख उर्फ पेट्रोल की निशानदेही पर पकड़ा गया है। मामले की जांच तीन आईपीएस अफसरों की निगरानी में चल रही है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून) अमित सिंह के मुताबिक आइपीएस करणदीप सिंह की टीम ने 26 फरवरी को आरोपित मोहम्मद शाहनवाज उर्फ शाहरुख उर्फ पेट्रोल (आजाद नगर) और विजय पाटीदार (मंदसौर) को कस्तूरबा ग्राम रोड से दो करोड़ रुपये कीमती एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ में शाहरुख ने आजाद नगर थाने में पदस्थ सिपाही लखन का नाम कुबूला और बताया वह मंदसौर के ड्रग माफिया से सस्ती ड्रग्स खरीद कर आजाद नगर में सप्लाई करता है। उसने यह भी बताया कि सिपाही का संरक्षण प्राप्त है और उसके बदले मोटी रकम दी जाती है। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य और आरोपित के कथनों के आधार पर शनिवार देर रात लखन को गिरफ्तार कर हवालात में बंद कर दिया।



डीसीपी के मुताबिक आजाद नगर की पैडलर मुन्नी बाई, कानी बाई, अमन बसुनिया सहित क्षेत्र के सभी पैडलर लखन से जुड़े थे। वह दबिश के पूर्व खुफिया नंबर से पैडलर को सूचित कर देता था। पैडलरों के वारंट भी तामील नहीं करवाता था। आरोपित को दो दिन के रिमांड पर लिया है। उसने पूछताछ में कई पुलिसकर्मियों के नाम बताए हैं। केस की जांच जोन-1 के डीसीपी विनोद कुमार मीणा की देखरेख में चल रही थी। शनिवार दोपहर डीसीपी ने सीपी संतोष कुमार सिंह को साक्ष्य दिखाए और लखन की गिरफ्तारी की अनुमति ले ली। शनिवार रात कांबिंग गश्त के लिए आजाद नगर थाने में पुलिस बल एकत्र किया गया। आजाद नगर थाना प्रभारी आदित्य सिंघारिया ने लखन को वारंट के बहाने थाने बुलाया और गिरफ्तार कर लिया। हवालात में डालने के पहले उसकी वर्दी उतार ली गई। हालांकि लखन ने गिरफ्तारी का विरोध करते हुए कहा कि उसके खिलाफ साजिश हुई है।

# मायावती ने आकाश आनंद को हटाते हुए उनके ससुर अशोक सिद्धार्थ पर क्यों साधा निशाना

**मायावती पर भाई-भतीजावाद के आरोप लग रहे थे**



उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) प्रमुख मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक समेत सभी अहम पदों से हटा दिया है मायावती ने कहा कि अहम फ़ैसले वह ख़ुद लेंगी मायावती ने यह भी कहा है कि जब तक वह ज़िंदा रहेंगी, तब तक उनका कोई उत्तराधिकारी नहीं होगा. बीएसपी सुप्रीमो ने कहा कि उनके लिए पार्टी पहले है और बाकी रिश्ते-नाते बाद में, 2019 में मायावती ने आकाश को पार्टी का राष्ट्रीय समन्वयक बनाया था और अपने छोटे भाई यानी आकाश के पिता आनंद कुमार को बीएसपी का उपाध्यक्ष बनाया था। इसके बाद से मायावती पर भाई-भतीजावाद के आरोप लग रहे थे. ऐसे आरोप पार्टी के भीतर और बाहर दोनों लग रहे थे. कई लोग यह भी कहते हैं कि पार्टी के पुराने नेता आकाश आनंद को लेकर बहुत सहज नहीं थे अब आकाश आनंद की जगह उनके पिता आनंद कुमार और साथ में रामजी गौतम को राष्ट्रीय समन्वयक नियुक्त किया है।

# भारत की जीत में

## चक्रवर्ती चमके, सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से होगी टक्कर

भारतीय क्रिकेट टीम ने अपने ग्रुप स्टेज के आखिरी मुक़ाबले में न्यूज़ीलैंड को 44 रन से मात दी और अपने अजेय रहने के सिलसिले को जारी रखा अब चार मार्च को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के पहले सेमीफ़ाइनल मुक़ाबले में भारत की टक्कर ऑस्ट्रेलिया के साथ होगी 250 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूज़ीलैंड ने पहले पावरप्ले के अंत तक एक विकेट के नुक़सान पर 44 रन बना लिए थे पावरप्ले का अंत होने के तुरंत बाद वरुण चक्रवर्ती विल यंग को बोल्ड कर दिया इसके साथ ही भारत गेंदबाजों ने ज़ोरदार कमबैक किया. न्यूज़ीलैंड ने 11.3 ओवर में 49 के स्कोर पर दो विकेट गंवा दिए थे भारतीय स्पिनर्स ने अगले पांच ओवर में महज 11 रन खर्च किए. 15 ओवर के बाद न्यूज़ीलैंड का स्कोर 2 विकेट के नुक़सान पर 55 रन था इसके बाद न्यूज़ीलैंड के बल्लेबाज़ों पर रन बनाने का दबाव साफ नजर आया भारतीय स्पिनर्स ने लगातार कसी हुई गेंदबाज़ी करना जारी रखा और 25.1 ओवर के बाद न्यूज़ीलैंड के स्कोर तीन विकेट के नुक़सान पर 93 रन था एक छोर से न्यूज़ीलैंड के विकेट गिरने का सिलसिला जारी रहा. लेकिन विलियमसन डटे रहे 36 ओवर के बाद न्यूज़ीलैंड का स्कोर पांच विकेट के नुक़सान पर 152 रन था विलियमसन भारत की जीत की राह में खड़े रहे और उन्होंने 81 रन की पारी खेली. लेकिन अक्षर ने 41वें ओवर की आख़िरी गेंद पर उन्हें पवेलियन वापस भेज दिया इसके बाद सैंटनर ने 28 रन की पारी खेलकर भारतीय गेंदबाज़ों को थोड़ा परेशान किया. लेकिन न्यूज़ीलैंड की पारी 205 रन पर ही सिमट गई।

# खेड़ापति हनुमान मंदिर

## शिवपुरी का अनोखा मंदिर जिसमें पूरी होती हैं मन्नते

शिवपुरी के झांसी रोड स्थित में एक ऐसा अनोखा और 500 वें वर्ष में प्रवेश कर चुका एक ऐसा मंदिर है, जहां मनोकामना भक्त की हर मन्नत पूरी होती है. देखिए खेड़ापति हनुमान की महिमा पर भगवान हनुमान, जिन्हें शक्ति, भक्ति, बल, और बुद्धि के देवता माना जाता है, उनके भक्त देशभर में लाखों की संख्या में हैं. शिवपुरी के झांसी रोड में स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर भी हनुमान भक्तों के बीच विशेष श्रद्धा और आस्था का केंद्र है.



यह 500 साल पुराना मंदिर भक्तों के लिए एक ऐसा स्थल है, जहां आने वाले श्रद्धालु अपनी मनोकामनाओं को पूर्ण होते हुए देखते हैं. खेड़ापति हनुमान मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता इसकी मनोकामना भक्त अपनी इच्छाओं को लिखते हैं, और यह मान्यता है कि यहां लिखी गई हर मनोकामना पूरी होती है. मंदिर के पुजारी के अनुसार, "यहां से कोई भी भक्त खाली हाथ नहीं लौटता. बाबा खेड़ापति हर किसी की मनोकामना पूर्ण करते हैं." नेताओं और मंत्रियों की भी श्रद्धा खेड़ापति हनुमान मंदिर सिर्फ आम जनता के लिए ही नहीं, बल्कि राजनीतिक हस्तियों के लिए भी आस्था का केंद्र है. लोकल 18 को बताया गया कि जब शिवपुरी में विधानसभा सत्र चलता है, तब राज्य के नेता, मंत्री, और विधायक भी अपनी फरियाद लेकर बाबा के दरबार में आते हैं. यह मंदिर हर वर्ग के लोगों को समान रूप से आकर्षित करता है, चाहे वह आम नागरिक हों या उच्च पदस्थ अधिकारी. शिवपुरी का खेड़ापति मंदिर आज से लगभग 500 वर्ष पुराना मंदिर हैं और काफी प्रसिद्ध मंदिर हैं. मंदिर के पुजारी मोहित महाराज जी ने बताया मंदिर के पुजारी मोहित महाराज जी ने बताया कि जब में पांच वर्ष का था तब से ही मंदिर में अपनी सेवाऐं दे रहा हूं। और आज 27 वर्ष पूर्ण होने को हैं मैं ऐसे ही खेड़ापति सरकार हनुमान मंदिर में अपनी सेवाऐं देता रहुंगा।



# बजट में कुछ नहीं सिर्फ गीता पाठ:बघेल

रंजीत टाइम्स » डॉ.पुनीत सोनकर

रायपुर। छत्तीसगढ़ के वितमंत्री ओपी चौधरी सोमवार 3 मार्च को विधानासभा में साल 2025 का बजट पेश किया।

पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने बजट को कवि सम्मलेन बताते हुए कहा कि, छत्तीसगढ़ के इतिहास में ढाई घंटे का बजट पहली बार हुआ है। बजट में कुछ नहीं था, सिर्फ कविता पाठ हुआ है। पहले ज्ञान की दुर्गति हुई, अब गति की दुर्गति होगी। वहीं पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने बजट को निराशाजनक बताते हुए कहा कि, इस बजट में कोई विजन नहीं था। पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि, सरकार का बजट निराशाजनक है और उसमें हमारी योजनाओं को कॉपी किया गया है।

### सीएम साय बोले- यह छत्तीसगढ़ बजट

सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि, आज का दिन छत्तीसगढ़ के लिए ऐतिहासिक दिन है। हमारे विद्वान वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने बजट प्रस्तुत किया है। छत्तीसगढ़ की तीन करोड़ जनता को मैं नमन करता हूं। यह छत्तीसगढ़ के सुनहरे भविष्य का बजट है। यह छत्तीसगढ़ को नई ऊंचाइयों में पहुंचाने का बजट है। इस बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है।

### GYAN, गति पर आधारित है यह बजट

उन्होंने आगे कहा कि, हमारा पिछला बजट GYAN पर आधारित था। पिछले एक साल में मोदी की गारंटी को पूरा किया गया है। जिसकी वजह से सभी चुनावों में छत्तीसगढ़ की जनता का विश्वास हमें मिला है। ज्ञान के बाद गति पर आधारित बजट पेश किया गया है। छत्तीसगढ़ पहला राज्य है, जिसने सुशासन और अभिसरण विभाग गठित किया है।

कक्षा 10वीं के 18629 विद्यार्थियों ने हल किया अंग्रेजी विषय का प्रश्न पत्र

# माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा कक्षा 10वीं के अंग्रेजी विषय का प्रशन पत्र संपन्न हुआ

रंजीत टाइम्स » दीपक तोमर

खरगोन। यह परीक्षा जिले के 95 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न हुई। कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल के निर्देशन में गठित दलों ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान बोर्ड परीक्षा नियमानुसार संचालित पायी गई। परीक्षा कंट्रोल रूम प्रभारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा 10वीं के अंग्रेजी विषय की परीक्षा में कुल दर्ज कक्षा 10वीं में 18629 विद्यार्थियों में से 18052 विद्यार्थी सम्मिलित हुए तथा 577 विद्यार्थी अनुपस्थित रहें। इसमें नियमित कुल दर्ज 16532 में से 16177 विद्यार्थी उपस्थित हुए तथा 355 अनुपस्थित रहें। स्वाध्यायी 2097 दर्ज में से 1875 विद्यार्थी उपस्थित तथा 222 विद्यार्थी अनुपस्थित रहें।



## महिला दिवस पर लगेगा

# नि:शुल्क

## महिला स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**रंजीत टाइम्स » दीपक तोमर**

मंडलेश्वर। विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में श्री श्रीसीताराम शिव संकल्प संस्थानम की महिला इकाई श्री वैदही सेवा प्रकल्प के तत्वाधान में अगमी 9 मार्च रविवार को सुबह 9: 30 बजे सरस्वती शिशु विद्या मंदिर चोली रोड मंडलेश्वर पर शिविर का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। जिसमें परामर्श हेतु इंदौर एवं धामनोद की विशेषज्ञ टीम डॉ मीनाक्षी डांगी, डॉ रेणु शर्मा, डॉ इतिश्री अग्रवाल, डॉ सोहनी सरकार, डॉ संजय रावत एवं डॉ अभिषेक मालवीय द्वारा महिलाओं का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। श्री वैदेही सेवा प्रकल्प की अध्यक्ष सुनीता पाटीदार, सचिव मेघा व्यास, सह संगठन मंत्री अर्चना पाटीदार, रीटा जोशी ने निः शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ लेने हेतु सभी माताओं बहनों से अपील जारी करते हुए कहा कि यह स्वास्थ्य परीक्षण शिविर विशेष रूप से महिलाओं के लिए आयोजित किया जा रहा है। श्री श्री सीताराम सेवा प्रकल्प संस्थानम की महिला शाखा श्री वैदेही सेवा प्रकल्प महिलाओं के स्वास्थ्य हेतु भी संकल्पित है। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु उक्त शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

# रायपुर मेयर के बेटे को पुलिस ने हिरासत में लिया

### सड़क पर केक काटना पड़ा भारी

छत्तीसगढ़ के रायपुर में मेयर के बेटे को सड़क पर जन्मदिन मनाना भारी पड़ गया. पुलिस ने बताया कि छत्तीसगढ़ के रायपुर में सड़क पर मेयर का जन्मदिन मनाने और यातायात बाधित करने का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद नवनिर्वाचित मेयर के बेटे और चार अन्य को हिरासत में लिया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि घटना शनिवार को करीब 12.30 बजे डीडी नगर थाना क्षेत्र के चंगोराभाटा इलाके में मेयर के आवास के सामने हुई. उन्होंने बताया कि रायपुर की मेयर मीनल चौबे के बेटे मृणाल चौबे उर्फ मेहुल और उसके दोस्तों अविनाश चंदेल उर्फ चिंटू, मनोज गौतम, छगन देवांगन और रोशन कुमार देवांगन को शनिवार को हिरासत में लिया गया।

### इन धाराओं के तहत दर्ज हुआ मामला

अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 126 (2) (गलत तरीके से रोकना) और अन्य संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है. उन्होंने बताया कि कथित आरोपियों को सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया और उन्हें जमानत दे दी गई।

### कुछ घंटे पहले ही मेयर ने ली थी शपथ

शुक्रवार को हुई घटना से कुछ घंटे पहले ही महापौर मीनल चौबे ने रायपुर नगर निगम के 69 निर्वाचित पार्षदों के साथ शपथ ग्रहण समारोह में शपथ ली थी. सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में महापौर के बेटे को जन्मदिन का केक काटते और सड़क पर पटाखे फोड़ते हुए दिखाया गया है।

### बघेल ने लगाए थे ये आरोप

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा सरकार पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाया और बताया कि हाल ही में 10 कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सड़क पर केक काटने और पटाखे फोड़ने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया. उन्होंने कहा, "उन्हें जमानत मिलने से पहले एक रात जेल में बितानी पड़ी लेकिन रायपुर के महापौर के बेटे और अन्य को जमानत मिल गई."इस बीच, महापौर ने स्वीकार किया कि गलती हुई है और वह सुनिश्चित करेंगी कि ऐसा दोबारा न हो. संयोग से, मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने शुक्रवार को अधिकारियों से निजी समारोहों जैसे जन्मदिन की पार्टियों, सामुदायिक दावतों और अनधिकृत पंडालों के लिए सार्वजनिक सड़कों को बाधित करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा था. रायपुर कलेक्टर गौरव सिंह और रायपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिंह ने भी शनिवार को जनता से सड़कों को बाधित करने वाले कार्यक्रम आयोजित न करने का आग्रह किया और कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी।

# इंदौर-ग्वालियर के बीच शुरू हुई परीक्षा स्पेशल, गर्मी की छुट्टियों में चलेगी इंदौर-पुणे स्पेशल ट्रेन

**रंजीत टाइम्स » प्रवेश सिंह**




इंदौर। रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा में परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए ग्वालियर-इंदौर-ग्वालियर स्पेशल ट्रेन का दोनों दिशाओं में 13-13 फेरे चलाने का निर्णय लिया गया है। ग्वालियर इंदौर स्पेशल ट्रेन (01825) तत्काल प्रभाव से 11 मार्च तक और 16 व 17 मार्च को ग्वालियर से दोपहर एक बजे चलकर रात दो बजे इंदौर रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार वापसी में इंदौर-ग्वालियर स्पेशल ट्रेन (01826) तत्काल प्रभाव से 12 मार्च तक और 17 व 18 मार्च को इंदौर शाम सात बजे चलकर अगले दिन सुबह 10.15 बजे ग्वालियर पहुंचेगी।

गर्मी की छुट्टियों को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने स्पेशल ट्रेनों की घोषणा शुरू कर दी है। रतलाम मंडल से होकर चार स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। इसमें इंदौर-पुणे स्पेशल ट्रेन भी शामिल है। यह ट्रेन पांच मार्च से 25 जून तक प्रति बुधवार इंदौर से शुरू होकर अगले दिन पुणे पहुंचेगी। वर्तमान में इंदौर-पुणे के बीच दो ही नियमित ट्रेनें हैं। इस स्पेशल ट्रेन की बुकिंग भी शुरू हो गई है। इंदौर-पुणे के बीच इंदौर-दौंड और लिंगमपल्ली हमसफर ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। इसमें लिंगमपल्ली एक्सप्रेस प्रति शनिवार को रवाना होती है वहीं इंदौर-दौंड का संचालन रोज होता है, लेकिन दोनों में हमेशा लंबी वेटिंग रहती है। इसी वेटिंग को कम करने के लिए ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन शुरू की गई है। इंदौर-पुणे-इंदौर स्पेशल (09324) पांच मार्च से 25 जून तक इंदौर से प्रति बुधवार सुबह 11.15 बजे चलेगी। यह देवास 11.50 बजे, उज्जैन 12.40 बजे, नागदा 13.57 बजे व रतलाम 14.35 बजे पहुंचेगी। ट्रेन प्रति गुरुवार रात 3.10 बजे पुणे पहुंचेगी। वापसी में पुणे-इंदौर स्पेशल (09323) छह मार्च से 26 जून तक पुणे से प्रति गुरुवार को सुबह 5.10 बजे चलेगी। ट्रेन रतलाम 8.30 बजे, नागदा 9.10, उज्जैन 10.05, देवास 11 और इंदौर रेलवे स्टेशन पर 11.55 बजे पहुंचेगी।

# रायपुर से दुर्ग के लिए मेट्रो का होगा सर्वे, वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने की बड़ी घोषणा

**डॉ.पुनीत सोनकर (स्थानीय संपादक)**

रायपुर। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बजट में रायपुर-दुर्ग के बीच मेट्रो चलाने को लेकर एक बड़ी घोषणा की है वित्त मंत्री ने रायपुर-दुर्ग के बीच मेट्रो निर्माण के लिए सर्वे का काम जल्द शुरू हो सके इसके लिए 5 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया है इसके अलावा बजट में कई प्रमुख घोषणाएं की गई है।



विशेष संग्रहालयों का निर्माण- राज्य में 11 करोड़ रुपए के प्रावधान के साथ दो विशेष संग्रहालय तैयार किए जाएंगे, जिससे छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित किया जाएगा.

कर्मा महोत्सव का आयोजन- वित्त मंत्री ने ऐलान किया कि छत्तीसगढ़ में कर्मा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा, जिससे राज्य की पारंपरिक संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा।

फिल्म सिटी का निर्माण- राज्य में फिल्म निर्माण को बढ़ावा देने के लिए फिल्म सिटी बनाने का प्रावधान किया गया है।

निफ़्ट इंस्टीट्यूट की स्थापना- राज्य में फैशन और टेक्सटाइल इंडस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए निफ़्ट (NIFT) इंस्टीट्यूट के निर्माण का बजट में प्रावधान किया गया है।

सीएम कौशल विकास योजना- युवाओं को प्रशिक्षित करने और रोजगार के अवसर देने के लिए 26 करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान किया गया है।

होम स्टे पॉलिसी लागू- पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए होम स्टे पॉलिसी बनाई गई है, जिसमें विशेष रूप से सरगुजा और बस्तर क्षेत्रों पर ध्यान दिया गया है।

सरगुजा और दुर्ग में स्टेडियम निर्माण-खेल को बढ़ावा देने के लिए सरकार सरगुजा और दुर्ग में नए स्टेडियमों का निर्माण करेगी इसके लिए 10 करोड़ रुपए का बजट निर्धारित किया गया है।

## CG विधानसभा प्रश्नकाल में विधायक मोहले ने खाद बीज के प्रश्न पर कृषि मंत्री नेताम को घेरा..

**अजय शर्मा**

रायपुर। प्रश्नकाल की शुरुआत होते ही विधायक पुन्नूलाल मोहले ने मंत्री कृषि मंत्री रामविचार नेताम से पूछा कि रासायनिक खाद और बीजों के भंडारण के क्या नियम है। जवाब में मंत्री राम विचार नेताम ने कहा कि सिंगल लॉक और डबल लॉक के जरिए वितरण होता है। सिंगल लॉक में सहकारी समिति और डबल लॉक प्राइवेट फर्म से लेकर मांग के अनुरूप वितरण करते हैं। इसी बीच भाजपा विधायक ने मंत्री को घेरते हुए पूछा कि सिंगल लॉक यानी सहकारी समिति से ज्यादा डबल लॉक प्राइवेट फर्म से खरीदी होती। क्या मंत्री जी कोई नीति बनाएंगे। मंत्री ने कहा- इसकी जांच कराएंगे, नीति बनाएंगे। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि मोहले जी आपका प्रश्न हो गया है। इस मोहले जी बोले कि मेरे प्रश्न को अजय चंद्राकर जी ने पूछ लिया। जिस पर स्पीकर डा. रमन सिंह ने कहा दूसरे के प्रश्न को हाईजैक न करें।

## नगरी ब्लॉक के 102 ग्राम पंचायतों के नवनिर्वाचित सरपंच पंच ने शपथ ग्रहण किया

**नगरी छत्तीसगढ़**

नगरी। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद नगरी ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले 102 ग्राम पंचायतों के नवनिर्वाचित सरपंच और पंचों ने शपथ ग्रहण किया। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत उमरगांव में भी शपथ ग्रहण कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत उमरगांव के सचिव आसत राम मरकाम ने नवनिर्वाचित सरपंच अंजना ध्रुव और सभी 20 पंचों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत उमरगांव के निवर्तमान सरपंच सुरेश मरकाम, पूर्व सरपंच मोहन पुजारी, घुराऊ राम शेष, कृष्णा मारकोले, देवेन्द्र सेन, अंगेश हिरवानी, लखन पुजारी, नरेश छलांगिया, जनक साहू, बेददास मानिकपुरी, आर डी मानिकपुरी, नारायण दास, विष्णु शेष, नारायण पुजारी, विनोद यादव, ऋतुदमन नागेश सहित बड़ी संख्या ग्रामवासी मौजूद रहे।

## कोलारस अस्पताल में शराब पीते नजर आया वार्डबायः मेडिकल स्टोर में फिल्मी गाने पर पर बनाई रील; CMHO बोले- कार्रवाई करेंगे



शिवपुरी जिले के कोलारस अस्पताल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वार्ड बॉय मनीष नाजगढ़ फिल्मी गाने पर शराब की बोतल और गिलास लेकर झूमता नजर आ रहा है। यह वीडियो अस्पताल के मेडिकल स्टोर का बताया जा रहा है, जहां मनीष के साथ एक अन्य युवक भी दिखाई दे रहा है। वीडियो में दिख रहा दूसरा युवक भी अस्पताल का ही कर्मचारी है।

### पहले भी हो चुकी है कार्रवाई

जानकारी के अनुसार, मनीष नाजगढ़ को अनुकंपा नियुक्ति के तहत मां के निधन के बाद उसे वार्ड बॉय की नौकरी मिली थी। लेकिन, यह पहली बार नहीं है जब मनीष विवादों में आया है, इससे पहले भी उस पर कार्रवाई हो चुकी है। उसने अपने फेसबुक अकाउंट से अस्पताल में शराब पीते हुए यह वीडियो अपलोड किया है। सीएमएचओ बोले- जांच के बाद कार्रवाई करेंगे जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय रिशेश्वर ने कहा कि वीडियो उनके संज्ञान में आ गया है। उन्होंने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# कोल घोटाला

## 12 आरोपियों को मिली जमानत, dmf केस में हुए गिरफ्तार एजेंसियों ने मांगी 6 दिन की रिमांड

**डॉ.पुनीत सोनकर**

रायपुर। छत्तीसगढ़ के कोल लेवी घोटाले मामले में सुप्रीम कोर्ट ने निलंबित IAS रानू साहू और सौम्या चौरसिया समेत 10 आरोपियों को अंतरिम जमानत दे दी हैं। लेकिन जमानत के बाद भी IAS रानू साहू, सौम्या चौरसिया और सूर्यकांत तिवारी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। DMF घोटाला मामले में EOW- ACB ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। जिसके बाद एजेंसियों ने आरोपियों की 6 दिन की पुलिस रिमांड मांगी है।

### सबूतों से छेड़छाड़ नहीं करेंगे आरोपी

सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस कोटेश्वर सिंह ने जमानत देते हुए कहा कि आरोपी अगर किसी गवाह को प्रभावित करने, सबूतों से छेड़छाड़ करने या जांच में बाधा डालने में लिप्त पाया जाता है, तो राज्य सरकार अंतरिम जमानत रद्द कराने के लिए कोर्ट में आवेदन कर सकती है। ऐसी स्थिति में अंतरिम जमानत रद्द कर दी जाएगी। इन सभी हाई प्रोफाइल आरोपियों को एंटी करप्शन ब्रांच की ओर से दाखिल मुकदमे में अंतरिम जमानत मिली है।

### जमानत के निर्देशों को पालन करने के दिए निर्देश

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मामले की जांच में समय लगेगा, इसलिए बिना किसी जल्दबाजी के आरोपियों को अंतरिम जमानत दी जा रही है। हालांकि, यह जमानत कुछ शर्तों के साथ दी गई है। आरोपी जमानत के बाद भी उचित आचरण बनाए रखें और अदालत के निर्देशों का सख्ती से पालन करें। साथ ही, सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को निर्देश दिया है कि वह आरोपियों के आचरण की रिपोर्ट प्रस्तुत करे, ताकि मामले की जांच में ट्रांसपेरेंसी बनी रहे। यह फैसला जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने सुनाया। जस्टिस सूर्यकांत ने अपने आदेश में कहा कि अदालत किसी भी तरह की जल्दबाजी में नहीं है और न ही जांच में हस्तक्षेप करना चाहती है। अदालत की मंशा सिर्फ यह सुनिश्चित करने की है कि आरोपी जमानत की शर्तों का पालन करें और निष्पक्ष जांच में सहयोग करें।

### इन 11 आरोपियों को मिली जमानत

कोयला घोटाला मामले में सुप्रीम कोर्ट ने निलंबित IAS रानू साहू, सौम्या चौरसिया सहित 9 आरोपियों को जमानत दे दी है। इन सभी पर सुनियोजित ढंग से 570 करोड़ रुपए वसूली करने के आरोप लगे थे। इस मामले में ED ने पहले FIR दर्ज कर रानू साहू,सौम्या चौरसिया और सूर्यकांत तिवारी को गिरफ्तार किया था। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट से सौम्या चौरसिया और रानू साहू को पहले ही अंतरिम जमानत मिल चुकी थी। लेकिन EOW ने ED के प्रतिवेदन के आधार पर FIR दर्ज किया था। जिसके चलते इन सभी आरोपियों की जमानत नहीं हो पाई थी।

### सबूतों से छेड़छाड़ नहीं करेंगे आरोपी

सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस कोटेश्वर सिंह ने जमानत देते हुए कहा कि आरोपी अगर किसी गवाह को प्रभावित करने, सबूतों से छेड़छाड़ करने या जांच में बाधा डालने में लिप्त पाया जाता है, तो राज्य सरकार अंतरिम जमानत रद्द कराने के लिए कोर्ट में आवेदन कर सकती है। ऐसी स्थिति में अंतरिम जमानत रद्द कर दी जाएगी। इन सभी हाई प्रोफाइल आरोपियों को एंटी करप्शन ब्रांच की ओर से दाखिल मुकदमे में अंतरिम जमानत मिली है।

## एडवोकेट भरत तिवारी बने शिवसेना प्रदेश सचिव एवं दिलीप भीलवारे शिवसेना महानगर प्रमुख इंदौर के पद पर नियुक्त किया गया



इंदौर। हिंदू हृदय सम्राट शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे जी के आशीर्वाद, शिवसेना मुख्य नेते,उप-मुख्यमंत्री महाराष्ट्र राज्य श्री एकनाथ जी शिंदे साहेब, शिवसेना सचिव कॅप्टन अभिजीत अड़सुल साहेब के आदेशानुसार शिवसेना मध्यप्रदेश राज्यप्रमुख राजीव जी चतुर्वेदी की सहमति से शिवसेना मध्यप्रदेश प्रभारी श्री सुरेश जी गुर्जर द्वारा शिवसेना मध्यप्रदेश संपर्क कार्यालय RNT मार्ग इंदौर पर एडवोकेट भरत तिवारी को शिवसेना मध्यप्रदेश सचिव एवं दिलीप भीलवारे को शिवसेना इंदौर महानगर प्रमुख के पद पर नियुक्त किया गया.... इस अवसर पर शिवसेना जिला संपर्क प्रमुख जितेन्द्र वाघमारे, शिवसेना जिला प्रमुख दीपक चौहान,कार्यालय प्रमुख नीलेश कदम सहित अन्य पदाधिकारी एवं शिवसैनिक उपस्थित थे।


## इंदौर एनजीओ महासंघ का सेवा सप्ताह का समापन आनंद माथुर सभागृह इंदौर में संपन्न हुआ

एनजीओ सेवा साप्तह का 7 दिवसीय कार्यक्रम बड़े ही सुन्दर छोटी छोटी बालिकाओं द्वारा नृत्य प्रस्तुति के साथ सम्पन हुआ जब हमरे संवाददाता द्वारा एनजीओ फाउंडर शशि सतपुते से चर्चा हुई तो उन्होंने बताया कि हमारे सभी NGO द्वारा जो 7 दिवसीय कार्यक्रम आयोजन किया गया था वो आज संपन्न हुआ है उन्होंने बताया की पहले दिन पौधा रोपण दूसरे दिन दीप उत्सव आतिशबाजी तीसरे दिन एनजीओ शक्ति फाग उत्सव चौथे दिन विशाल कार रैली पांचवे दिन उत्कर्ष एनजीओ सम्मान समारोह का आयोजन किया गया साथ मे हो रही लड़कियों पे भ्रूण हत्या पर एक छोटी फ़िल्म पर अधरित ट्रेलर भी दिखाया गया एवं पत्रकारों के लिए भी एनजीओ बनया गया वही भ्रूण हत्या पर फिलम और पत्रकार संगठन का भी विमोचन मुख्य अथितियों द्वारा किया गया इस अवसर पर विशेष रूप से विदिशा से आए राम रघुवंशी व हंस दास मठ के महामंडलेश्वर पवन दास महाराज, पूर्व राज्य मंत्री दर्जा पंडित योगेन्द्र महंत, सांसद शंकर लालवानी और भी कई विशिष्ठ अतिथियों की उपस्थिति में सभी एन जी ओ सदस्यों को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# कुबेरश्वर धाम में श्रद्धालुओं की मौत का सिलसिला जारी 4 दिनों में 3 भक्तों ने तोड़ा दम, प्रशासन पर उठे सवाल

**सीहोर।** जिले स्थित कुबेरश्वर धाम में एक बार फिर श्रद्धालुओं की मौत का दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। सोमवार को प्रसिद्ध प्रदीप मिश्रा की कथा के दौरान एक और श्रद्धालु की मौत हो गई, जिससे पिछले चार दिनों में तीन श्रद्धालुओं की जान जा चुकी है। इन तीन दिनों के भीतर मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और गुजरात के श्रद्धालुओं ने दम तोड़ दिया है। इस घटनाक्रम से श्रद्धालुओं के बीच भय का माहौल बना हुआ है और प्रशासन की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े हो गए हैं। गुजरात की श्रद्धालु महिला की हुई मौत- कड़ी गर्मी और भीड़ ने लिया हलक में दम सोमवार को कुबेरश्वर धाम के आयोजन स्थल पर एक महिला श्रद्धालु अचेत अवस्था में पाई गई, जिसे तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। महिला की पहचान 55 वर्षीय मंजू के रूप में की गई, जो गुजरात से यहां पहुंची थी। हालांकि, उसके साथ कोई परिचित नहीं मिला और उसकी पहचान की कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी। अस्पताल प्रबंधन ने सुबह 6 बजे घटना की सूचना कोतवाली थाना पुलिस को दी।

**पिछले तीन दिनों में 4 श्रद्धालुओं की मौत- प्रशासन की व्यवस्था पर सवाल**




इस घटना से पहले शनिवार और रविवार को भी दो श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी थी, जिससे यह सिलसिला लगातार जारी रहा। शनिवार को जबलपुर निवासी 25 वर्षीय गोलू कोष्टा ने कथा सुनते वक्त गर्मी और उमस के कारण चक्कर खाकर गिर पड़े और फिर उठ नहीं पाए। उनका निधन हो गया। इस घटना ने आयोजन स्थल पर सुरक्षा और चिकित्सा व्यवस्थाओं को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।शुक्रवार को कानपुर के निवासी वीरेंद्र की भी देर रात मौत हो गई थी। वीरेंद्र अपने परिवार के साथ कुबेरश्वर धाम शिव पुराण कथा सुनने के लिए सीहोर आए थे। वह ग्राम गुड़भेला में ठहरे हुए थे और अचानक उनकी तबियत खराब हो गई, जिसके कारण उनकी मौत हो गई।

कलेक्टर ने दी थी व्यवस्था दुरुस्त रखने की हिदायतें, लेकिन व्यवस्थाओं की पोल खुली

इन घटनाओं के बाद प्रशासन के कदमों पर सवाल उठने लगे हैं, क्योंकि जिला प्रशासन ने आयोजन स्थल पर सुरक्षा और चिकित्सा सुविधाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए थे। कलेक्टर ने सीएमएचओ को चिकित्सा व्यवस्था की सतत निगरानी रखने, पर्याप्त एम्बुलेंस और जीवन रक्षक दवाओं की व्यवस्था करने की हिदायत दी थी। इसके अलावा, मिनी आईसीयू स्थापित करने की भी बात की गई थी, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत चिकित्सा सहायता दी जा सके। फिर भी लगातार हो रही मौतों से यह सवाल उठता है कि क्या प्रशासन ने दी गई हिदायतों का सही पालन किया है। आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बढ़ रही है, और गर्मी का प्रकोप भी अपना असर दिखा रहा है, लेकिन इन समस्याओं के बावजूद प्रशासनिक व्यवस्था में कमी नजर आई है।मेडिकल टीम और सुरक्षा इंतजामात की कमी, श्रद्धालुओं के बीच असुरक्षा का माहौल- कई श्रद्धालुओं ने यह भी कहा है कि आयोजन स्थल पर आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं का भारी अभाव है, जिससे लोगों को त्वरित उपचार मिलने में परेशानी हो रही है। इसके साथ ही भीड़ प्रबंधन की भी कमी महसूस हो रही है, जिससे स्ट्रेचर, ऑक्सीजन सपोर्ट और चिकित्सा सहायता का अभाव हो रहा है। इन मुद्दों पर प्रशासन को तुरंत कार्रवाई की आवश्यकता है। कुबेरश्वर धाम में जिस तरह से एक के बाद एक तीन मौतों की घटनाएं सामने आई हैं, उसने इस आयोजन की सुरक्षा और चिकित्सा व्यवस्था पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि अगर प्रशासन पहले ही कड़ी व्यवस्था करता तो इन घटनाओं को रोका जा सकता था। श्रद्धालुओं के बीच गुस्सा, प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग- इन घटनाओं के बाद श्रद्धालुओं के बीच गुस्सा और असुरक्षा का माहौल बन गया है। श्रद्धालु अब प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं ताकि आने वाले समय में इस तरह की घटनाएं न हों। कई श्रद्धालुओं ने सोशल मीडिया पर इस मुद्दे को उठाया है और प्रशासन से बेहतर सुरक्षा और चिकित्सा व्यवस्था की मांग की है।

# मार्च में पहली बार राहत, अप्रैल-मई में झुलसा देने वाली गर्मी का पूर्वानुमान

**भोपाल।** मार्च के पहले सप्ताह में ठंडक का एहसास हो सकता है, लेकिन जैसे-जैसे महीने का अंत नजदीक आएगा, गर्मी अपने पूरे जोर पर आएगी। मौसम विभाग के अनुसार, इस बार मार्च के पहले सप्ताह में 2-3 डिग्री सेल्सियस तक तापमान में गिरावट हो सकती है, जिसका मुख्य कारण वेस्टर्न डिस्टरबेंस और टर्फ का असर माना जा रहा है। हालांकि, सोमवार को भोपाल में तेज धूप के बावजूद हवा में ठंडक बनी रही, और मंगलवार को गर्मी का असर कम होने की उम्मीद जताई जा रही है। मार्च के महीने में आमतौर पर गर्मी, लू, बादल और हल्की बारिश का मिलाजुला मौसम होता है, लेकिन इस बार मौसम में कुछ विशेष बदलाव देखने को मिल सकते हैं। शनिवार को मुरैना में ओलावृष्टि हुई थी, जबकि रविवार को प्रदेशभर में मौसम साफ रहा। मौसम विभाग के अनुसार, मार्च के पहले सप्ताह में बूंदाबांदी और बादलों का असर रहेगा, जबकि चौथे सप्ताह से लू का असर तेज होने की संभावना है।

## मार्च में गर्मी बढ़ेगी, लेकिन राहत भी रहेगी

इस समय, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल, सागर और रीवा संभाग में रात का तापमान सामान्य से 2-3 डिग्री अधिक रहने का अनुमान है, जबकि भोपाल, सागर, रीवा, शहडोल और चंबल संभाग में तापमान सामान्य स्तर पर रहेगा। दिन में, पश्चिमी गर्म हवाओं के कारण अधिकतम तापमान 32-34 डिग्री के बीच रहेगा, जबकि भोपाल और नर्मदापुरम में यह 30-32 डिग्री तक बना रहेगा। मौसम में इस बदलाव के साथ वेस्टर्न डिस्टरबेंस की हलचल जारी रहने की संभावना है, जिससे मौसम में कुछ उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। खासकर मुरैना जैसे इलाकों में अचानक मौसम में बदलाव हो सकता है, जैसा कि शनिवार को ओलावृष्टि ने दिखाया। अप्रैल और मई में होगी तेज गर्मी, 45 डिग्री पार जा सकता है तापमान मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अप्रैल और मई में रिकॉर्डतोड़ गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। इन महीनों में, ग्वालियर, चंबल, जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग के जिलों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन और नर्मदापुरम में भी भीषण गर्मी का असर रहेगा, और लू के थपेड़े चालू होंगे, जिससे तापमान सामान्य से काफी अधिक रह सकता है। इस दौरान लू के प्रकोप के चलते नागरिकों को खास सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। गर्मी से बचने के लिए उचित उपायों जैसे कि पानी की अधिक मात्रा लेना, हल्के कपड़े पहनना और घरों में रहना की सलाह दी जा रही है।

# जतना को भिखारी बताने वाले सत्ता में बैठे मुख्यमंत्री, मंत्री पद से इस्तीफा दे : मुकेश नायक

## भाजपा सरकार के खिलाफ जिलों में प्रदर्शन और आंदोलन होंगे, पूरी भाजपा जनता से सार्वजनिक माफी मांगे : मुकेश नायक

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुये प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा प्रदेश की जनता को भिखारी कहें जाने पर सवाल उठाते हुये उसके मुखिया और मंत्रियों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने 20 वर्षों में प्रदेश को बदहाली असुरक्षा और अपमान के गर्त में धकेल दिया है। अब तो हालत यह हो गये है कि जनता को भगवान बताकर वोटे बटोरने वाली भाजपा सरकार अब महिलाओं, बुजुर्गों, किसानों, युवाओं, विद्यार्थियों और दिव्यांगजनों को अब भिखारी बता रही है। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश की 1 करोड़ 29 लाख बहनों ने अपनी मेहनत की कमाई पर अधिकार मांगा, तो सरकार में बैठे पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रह्लाद पटेल और उनकी पार्टी ने उन्हें भिखमंगा कहकर अपमानित किया। क्या महिलाओं को उनके अधिकार मांगने पर अपमानित किया जाएगा? मुख्यमंत्री मोहन यादव और मंत्री प्रहलाद पटेल बताये कि भाजपा सरकार ने यदि प्रदेश को विकसित बना दिया होता तो टोकना भर-भर कर आवेदन लेकर जतना उनके सामने अपना हक और अधिकार मांगने के लिए क्यों जाती?

श्री नायक ने कहा कि बीजेपी राज में जनता की बदहाली की भयानक तस्वीर प्रदेश में सामने आयी है। महिलाओं का अपमान कर उनका अधिकार छीनने की साजिश की जा रही है। सत्ता पाने के लिए लाड़ली बहना योजना के तहत 3000 रूपये देने का वादा करने वाली भाजपा ने लालच देकर उन्हें पहले 1000 रूपये दिये, 1,250 रू. दिए, और अब धीरे धीरे योजना से अपात्र बताकर महिलाओं को वंचित किया जा रहा है, उनका भविष्य अंधकार में डुबोया जा रहा है। महंगाई और बेरोजगारी के कारण महिलाएं आत्मनिर्भर बनने के लिए संघर्ष कर रही हैं, लेकिन भाजपा सरकार उन्हें 'भिखारी' बताकर उनका मनोबल तोड़ने में लगी है।

नायक ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं बर्बादी की कगार पर है, अस्पतालों में न तो डॉक्टर हैं और न दवाएं तक नहीं। मरीजों को इलाज नहीं मिलने के कारण वह परेशान होकर दम तोड़ रहे हैं। इलाज के लिए दर-दर भटक रहें हैं। इतना ही नहीं अस्पतालों में दवाओं की भारी कमी के चलते मरीजों को निजी अस्पतालों में महंगे इलाज के लिए मजबूर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 18 साल की शिवराज सरकार और अब मोहन यादव की सरकार में स्वास्थ्य सेवाएं बद से बदतर हैं। गरीब जनता इलाज के लिए दर-दर भटक रही है,



लेकिन जब सरकार से जनता अपनी परेशानियों के लिए आवेदन देती है तो बीजेपी के नेता जनता को भिखारी कहते हुये उनका अपमान कर रही है। यह वहीं भाजपा है जो वोट के लिए नतमस्तक होती है और सत्ता आने पर जनता को भिखारी बताती है। भाजपा सत्ता के अहंकार में इतनी मोटी हो गई है कि जनता उन्हें भिखारी लगने लगी है। नायक ने कहा कि प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त है। बीते चार साल से छात्रों को छात्रवृत्ति नहीं मिली। सरकारी स्कूलों और कॉलेजों में शिक्षकों की भारी कमी के चलते छात्रों का भविष्य अंधकारमय है। छात्रों से भारी रकम वसूली जा रही है, लेकिन उन्हें सुविधाएं नहीं मिल रही है। लाखों छात्रों को छात्रवृत्ति नहीं मिली, जिससे गरीब और जरूरतमंद छात्र उच्च शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। तो क्या शिक्षा प्राप्त करना अब भीख मांगना हो गया? नायक ने कहा कि सरकार ने किसानों के लिए कोई राहत नहीं दी, किसान खाद-बीज के लिए भटक रहे किसान, किसानों को खाद और बीज तक नहीं मिल रहा है। कर्ज के बोझ तले दबे किसान आत्महत्या तक करने को मजबूर है। क्या अन्नदाताओं को उनका हक मांगना भीख मांगना कहलाएगा? भाजपा ने किसानों 2700 के गेहूं, 3100 धान, 6000 सोयाबीन के देने के जो वादे किये थे उनका हक मांगना क्या भीख मांगना कहलाता है? नायक ने कहा कि समाज के कमजोर वर्गों को उनका हक नहीं मिल रहा, 4-6 महीने से वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन और विकलांग पेंशन लंबित है। बीजेपी सरकार बुजुर्गों और दिव्यांगजनों के अधिकारों को भीख कहकर उनका अपमान कर रही है।

भाजपा सरकार के खिलाफ कांग्रेस करेगी बड़ा आंदोलन

नायक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी बीजेपी सरकार के इस अपमान को बर्दाश्त नहीं करेगी। जनता के हक और अधिकारों के लिए कांग्रेस पार्टी निणार्यक लड़ाई लड़ेगी। आगामी 5 मार्च 2025 को प्रदेश के सभी जिलों के जिला मुख्यालयों पर कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार के खिलाफ जंगी प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटले के इस्तीफे की मांग करेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और मंत्री प्रहलाद पटेल प्रदेश की जनता से सार्वजनिक माफी मांगे अन्यथा विरोध में लिए तैयार रहें। महिलाओं, गरीबों, किसानों, छात्रों और बुजुर्गों को उनका हक नहीं मिला तो कांग्रेस सड़क से सदन तक आंदोलन करेगी।




# ऑल टाइम फेवरिट वियर है डेनिम जैकेट

**डेनिम जैकेट को कैरी करने का एक आसान और स्टाइलिश तरीका है, इसे जींस के साथ कैरी करना। यह एक ऐसा लुक है, जिसे केजुअल से लेकर आउटिंग में कैरी किया जा सकता है। आप व्हाइट या ब्लैक टी के साथ ब्लू जींस और डेनिम जैकेट पहन सकती हैं।**

डेनिम जैकेट एक ऐसा वियर है, जो ऑल टाइम फेवरिट है। किसी भी मौसम में डेनिम जैकेट को बेहद आसानी से कैरी किया जा सकता है। इस कपड़े की खासियत यह है कि आप इसे कई तरह से कैरी कर सकती हैं और हर बार एक डिफरेंट लुक पा सकती हैं। अगर आपके वार्डरोब में भी ब्लू डेनिम जैकेट है और आप उसे हर बार एक ही तरह से स्टाइल करती हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको डेनिम जैकेट को स्टाइल करने के अलग-अलग तरीकों के बारे में बता रहे हैं-

फैशन एक्सपर्ट बताते हैं कि डेनिम जैकेट को कैरी करने का एक आसान और स्टाइलिश तरीका है, इसे जींस के साथ कैरी करना। यह एक ऐसा लुक है, जिसे केजुअल से लेकर आउटिंग में कैरी किया जा सकता है। आप व्हाइट या ब्लैक टी के साथ ब्लू जींस और डेनिम जैकेट पहन सकती हैं। अगर आप थोड़ा एक्सपेरिमेंटल होना चाहती हैं तो ऐसे में जैकेट पर पैच वर्क भी किया जा सकता है। फेमिनिन लुक के लिए आप इसके साथ सैंडल्स को पेयर करें। वहीं अगर आप स्पोर्टी टच चाहती हैं तो ऐसे में आप स्नीकर्स को स्टाइल कर सकती हैं।

फैशन एक्सपर्ट के अनुसार, यंग गर्ल्स पर इस तरह का स्टाइल काफी अच्छा लगता है। इसके लिए आप प्रिंटेड टीशर्ट के साथ शॉर्ट स्कर्ट पेयर करें। अपने आउटफिट की लेयरिंग के लिए आप डेनिम जैकेट को पहनें। इसके साथ लॉन्ग स्टेटमेंट ईयररिंग्स या बीड्स नेकपीस को स्टाइल करना अच्छा रहेगा।

## लॉन्ग स्कर्ट के साथ करें स्टाइल

फैशन एक्सपर्ट के अनुसार, यह स्टाइल हर उम्र की महिला पर अच्छा लगता है और इसमें आप काफी कुछ कर सकती हैं। मसलन, अगर आप कलर ब्लॉकिंग करना चाहती हैं तो ऐसे में आप व्हाइट या ब्लैक टॉप के साथ किसी ब्राइट कलर की लॉन्ग स्कर्ट को पेयर करें। वहीं अपने लुक में स्टक्चर एड करने के लिए आप बेल्ट का सहारा भी ले सकती हैं। आखिरी में आप क्रॉप स्टाइल डेनिम जैकेट को पेयर करें। यह लुक एकदम क्लासी लगता है और कभी भी ट्रेंड से आउट नहीं होता।



# अपने साथ कई सारी उम्मीदें, प्यार व एक्साइटमेंट लेकर आता है रिश्ता

एक रिश्ता अपने साथ कई सारी उम्मीदें, प्यार व एक्साइटमेंट लेकर आता है। किसी के साथ एक रिश्ते में जुड़ने पर यकीनन आप कुछ अलग व खास महसूस कर रही होंगी। लेकिन इस प्यार भरी फीलिंग के बीच जरूरी है एक-दूसरे को समझना। एक रिश्ते को मजबूत होने और आपसी समझ विकसित होने में थोड़ा वक्त लगता है और यह केवल तभी संभव है, जब आप एक-दूसरे को अच्छी तरह जानते व समझते हों। जब आप ऐसा करने में सक्षम हो जाते हैं तो इससे आपके रिश्ते को एक मजबूती और स्थिरता मिलती है। अब सवाल यह उठता है कि एक नए रिलेशनशिप में अपने पार्टनर को बेहतर तरीके से समझने के लिए आप क्या करें। इसके लिए आपको कुछ कदम उठाने की जरूरत है। हालांकि यह उतना मुश्किल भी नहीं है। अगर आप अपने पार्टनर से कुछ सवाल पूछती हैं तो इससे आपको अपने पार्टनर को समझने में आसानी होती है। तो चलिए आज हम आपको ऐसे ही कुछ सवालों के बारे में बता रहे हैं, जो आपको एक न्यू रिलेशन में जरूर पूछने चाहिए

## आपकी बकेट लिस्ट में क्या है?

हर किसी के पास उन चीजों की एक सूची होती है जिन्हें वे अपने जीवन में करना चाहते हैं। भले ही उन्होंने वास्तव में इसके लिए पहले से तैयारी की हो या नहीं। लेकिन फिर भी उनके कुछ सपने जरूर होते हैं। इस सवाल से आपको अपने पार्टनर के सपनों को समझने में आसानी होगी। आपको समझ में आएगा कि वह अपने जीवन से क्या चाहते हैं। इस तरह आप कहीं ना कहीं अपने और उनके सपनों की कम्पैटिबिलिटी को भी चेक कर सकती हैं।



## आप हमेशा कहाँ घूमना चाहते हैं?

जब आप अपने पार्टनर से उनके ट्रेवल प्लॉन और ट्रेवल संबंधित पसंद के बारे में पूछती हैं तो इससे आपको समझ में आता है कि उन्हें कैसी जगहें अधिक पसंद है। मसलन, उन्हें गर्मी पसंद है या ठंड। क्या उन्हें शहरों में घूमना अच्छा लगता है या फिर बीच पसंद है या फिर वह वाइल्ड लाइफ को अधिक प्राथमिकता देते हैं। इससे आपको एक साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करने में भी मदद मिलती है। साथ ही आपको उनके व्यक्तित्व के बारे में भी पता चलता है।

## अगर आप अपने बारे में एक चीज बदल सकते हैं, तो यह क्या होगा?

यह एक बेहद ही दिलचस्प सवाल है और जब आप अपने पार्टनर से यह सवाल पूछती हैं तो इससे आपको पता चलता है कि क्या वह खुद में बदलाव कर सकते हैं। दूसरे शब्दो में, आपके साथी में खुद के बारे में कुछ बदलने की शक्ति है या नहीं। दरअसल, एक रिलेशन को सक्सेसफुल बनाने के लिए कई बार खुद में कई बदलाव करने पड़ते हैं और यह तभी संभव है, जब आपमें वह शक्ति हो।

## क्या आप भविष्य में बच्चे चाहते हैं?

यह एक बेहद ही सामान्य प्रश्न लगता है, लेकिन अगर आप अपने पार्टनर के साथ अपनी पूरी लाइफ देख रही हैं तो ऐसे में यह सवाल जरूर पूछना चाहिए। इससे आपको यह समझने में आसानी होगी कि अपनी फैमिली प्लानिंग और मैरिज के लेकर उनके क्या प्लॉन है या फिर जब आप उनसे शादी करेंगी तो आप दोनों का एक-दूसरे के करियर और फैमिली प्लॉनिंग के बीच क्या रवैया होगा।

## किस चीज ने आपको सबसे पहले आकर्षित किया?

यह कोई संदेह नहीं है कि यह सवाल आपके पार्टनर को एक बार के लिए आश्चर्यचकित जरूर करेगा। हो सकता है कि आपके सवाल पूछने से वह हैरान हो जाएं। लेकिन इससे आपको अपनी छिपी हुई क्वालिटीज को जानने में मदद मिलेगी। वैसे हो सकता है कि आपका पार्टनर भी आपसे यह सवाल पूछ लें, इसलिए आप भी अपने पार्टनर को इसका जवाब देने के लिए तैयार रहें।

हॉकीः

## सीनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप में तेलंगाना और दिल्ली की जीत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** डिवीजन बी के पूल ए में तेलंगाना ने असम पर 3-1 से जीत दर्ज कर अपने अभियान की शुरुआत की। दिन के दूसरे डिवीजन बी मैच में दिल्ली ने हिमाचल को 1-0 से हराया। तेलंगाना और दिल्ली ने रविवार को हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दूसरे दिन डिवीजन बी में जीत दर्ज की जबकि दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव ने भी डिवीजन सी के अपने मैच जीते।



डिवीजन बी के पूल ए में तेलंगाना ने असम पर 3-1 से जीत दर्ज कर अपने अभियान की शुरुआत की। दिन के दूसरे डिवीजन बी मैच में दिल्ली ने हिमाचल को 1-0 से हराया। डिवीजन बी में दिन का आखिरी मैच छत्तीसगढ़ और चंडीगढ़ के बीच 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुआ।

## भारत के खिलाफ सेमीफाइनल से पहले ऑस्ट्रेलिया का स्टार ओपनर चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया की टीम चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में है. मगर वहां पहुंचने के बाद उसे एक बड़ा झटका लगा है. टीम के स्टार ओपनर मैथ्यू शॉर्ट को टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा है. शॉर्ट के बाहर होने की वजह उन्हें लगी चोट हैं. ऑस्ट्रेलिया ने टीम में ऑलराउंडर की भूमिका निभाने वाले मैथ्यू शॉर्ट को युवा कूपर कोनोली से रिप्लेस किया है. शॉन मार्श की तरह बनने का इरादा रखने वाले कूपर भी बल्लेबाज होने के साथ-साथ शॉर्ट की ही तरह गेंद को टर्न कराने में भी माहिर हैं. मैथ्यू शॉर्ट को चोट अफगानिस्तान के खिलाफ मुकाबले में फील्डिंग करते हुए लगी थी, जिसके चलते उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होना पड़ा है. कप्तान स्टीव स्मिथ ने प्राइम वीडियो को बताया कि शॉर्ट सही से मूव भी नहीं कर पा रहे थे. हमें लगा था कि मुकाबले के बीच में मिले ब्रेक में वो रिकवर कर जाएंगे. मगर ऐसा नहीं हुआ. मैथ्यू शॉर्ट ने ऑस्ट्रेलिया को इंग्लैंड के खिलाफ मिली जीत में अहम भूमिका निभाई थी. उस मैच में उन्होंने 66 गेंदों में 63 रन की पारी खेली थी. उसके अलावा शॉर्ट ने अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में 15 गेंदों में 20 रन बनाए थे. इस तरह उन्होंने टूर्नामेंट के 2 मैचों में 83 रन बनाए.

# इंदौर के खिलाड़ियों को मप्र मास्टर्स में सफलताएं

### कमल और विनय ने खिताबी सफलता का कीर्तिमान बनायाः प्रतीक को दोहरी सफलता

**इंदौर।** इंदौर के कमल नवलानी और विनय रामचंदानी ने मप्र मास्टर्स में अपनी श्रेष्ठता बरकरार रखते हुए विंग्स ट्राफी सातवीं मप्र राज्य मास्टर्स (वेटरन्स) बैडमिंटन स्पर्धा में 60+ पुरुष युगल खिताब हासिल किया। प्रतीक गुजराती ने दोहरी सफलता प्राप्त की। इंदौर के विपुल बिंदल और प्रतीक गुजराती ने 35+ पुरुष युगल, राजेश तलवार और अम्बरीष नाडकर ने 55+ पुरुष युगल, अजय मोहता और भोपाल के वसंत कुमार सोनी ने 65+ पुरुष युगल खिताब जीता। इंदौर के नितिन लश्करी ने 45+ पुरुष एकल और प्रतीक गुजराती ने 35+ पुरुष एकल खिताब अर्जित किए। इंदौर की रिशु राय 45+ और नादिया मुजुमदार 40+ महिला एकल में श्रेष्ठ रही।

इंदौर जिला बैडमिंटन संगठन सह सचिव धर्मेश यशलहा ने बताया कि इंदौर के कमल नवलानी और विनय रामचंदानी ने 16वीं बार मास्टर्स खिताब जीतकर एक कीर्तिमान बनाया है। 60+ पुरुष युगल फाइनल में पहले क्रम के कमल नवलानी और विनय रामचंदानी ने भोपाल के दीपसिंह और शैलेन्द्र सिंह को 21-16, 21-16 से हराया। कमल और विनय की जोड़ी 45+ से खिताबी सफलता हासिल कर रही हैं। 50+ और 55+ के बाद अब 60+ में भी विजेता बनी है। कमल नवलानी ने तो 18वीं बार खिताब जीता है। कमल दो साल अजय मोहता के साथ भी जीत चुके हैं। 35+ पुरुष एकल फाइनल में प्रतीक गुजराती ने उज्जैन के जितेंद्र डागर को 20-22, 21-9, 11-5 निवृत्त से हराया। पुरुष युगल फाइनल में प्रतीक गुजराती और विपुल बिंदल ने उज्जैन के प्रभात सिरसाट और जितेंद्र डागर को 21-17, 22-20 से पराजित किया। 40+ पुरुष एकल फाइनल में अमित सक्सेना ने सत्येन्द्र होल्कर को 21-15, 21-13 से हराया। सत्येन्द्र होल्कर और अमित सक्सेना 40+ पुरुष युगल फाइनल में भोपाल के रविन्द्र सिंह चावला और मनीष नाहरे से रोमांचक मुकाबले में 21-16, 21-23, 20-22 से हारे।



इंदौर के हरिओम राठौर और सुनील सातव 45+ पुरुष युगल फाइनल में पंकज जैन और अमित साहु से 9-21, 14-21 से पराजित हुए। 45+ पुरुष एकल फाइनल में नितिन लश्करी को इंदौर के ही सुनील सातव से वाकओवर मिला। 65+ पुरुष युगल फाइनल में अजय मोहता और वसंत कुमार सोनी ने इंदौर के सुमन खुराना और नीमच के दीपक श्रीवास्तव को 21-12, 21-11 से हराया। 55+ पुरुष युगल फाइनल में राजेश तलवार और अम्बरीष नाडकर ने इंदौर के पराग पंडित और कटनी के आलोक कुमार जुदेराज जोसेफ को 21-15, 19-21, 21-14 से हराया। 55+ पुरुष एकल फाइनल में इंदौर के पराग पंडित, कटनी के आलोक कुमार जोसेफ से 11-21, 10-21 से पराजित हुए।

40+ महिला एकल फाइनल में नादिया मुजुमदार ने गुना की मधुलिका सिंह को 21-12, 21-8 से हराया। 50+ महिला एकल फाइनल में इंदौर की दीपा व्यास ने सुनीता सिंह को 14-21, 21-13, 21-15 से हराया। 45+ महिला एकल फाइनल में रिशु राय को इंदौर की प्राची चौबे से वाक ओवर मिला। सुनील सातव और भोपाल की पूनम तत्ववादी को 45+ मिश्रित युगल फाइनल में अभिषेक अग्रवाल और प्राची चौबे से वाक ओवर मिला। 40 + मिश्रित युगल फाइनल में सत्येन्द्र होल्कर और रिशु राय ने भोपाल के रविन्द्र सिंह चावला और रचना काला को 21-16, 21-13 से हराया। 45+ पुरुष एकल में हरिओम राठौर और 35+ पुरुष एकल में मनीष जायसवाल तीसरे स्थान पर रहे। इंदौर जिला बैडमिंटन संगठन अध्यक्ष अनिल भंडारी, सचिव आर पी सिंह नैयर, सह सचिव धर्मेश यशलहा, कोषाध्यक्ष विशाल चांदवानी, सुधांशु व्यास आदि ने इंदौर के सफल खिलाड़ियों को बधाई दी है। एकल के विजेता और उपविजेता खिलाड़ी एवं युगल की विजेता जोड़ी भारतीय राष्ट्रीय मास्टर्स बैडमिंटन स्पर्धा गोआ में मप्र का प्रतिनिधित्व करेंगे। एरेना बैडमिंटन क्लब, इंदौर और विंग्स क्लब भोपाल निदेशक सुनील सातव ने संचालन किया। मप्र बैडमिंटन संगठन सचिव अनिल चोघुले, कोषाध्यक्ष दीपक श्रीवास्तव, संगम जायसवाल, वसंत कुमार शिकारी, नीलेश बांठिया आदि ने पुरस्कार वितरण किया।

# दिल्ली वालों को वॉट्सऐप नंबर देकर सीएम रेखा गुप्ता ने मांगा सुझाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार अपना पहला बजट इसी महीने पेश करने जा रही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि उनकी सरकार 24 से 25 मार्च के बीच अपना बजट पेश करने जा रही है। इसके लिए उन्होंने एक ईमेल आईडी और वॉट्सऐप नंबर जारी करके दिल्लीवालों से सुझाव मांगा है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को अपने मंत्रियों के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में बजट को लेकर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा, हम विकसित दिल्ली के बजट को 24 मार्च से 26 मार्च के बीच पेश करने की तैयारी कर रहे हैं। हम जनता की सारी आकांक्षाओं की पूर्ति के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए सभी वर्गों की उन्नति, कल्याण और सर्वांगीण विकास के लिए कृत्य संकल्पित



हैं। दिल्ली के विकास की रफ्तार को तेज करने के लिए सरकार समाज के सभी वर्गों के सुझावों को शामिल करने का प्रयास करेगी। ये बजट विकसित दिल्ली बजट है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के सभी वर्गों को साथ में लेकर, उनके सुझावों को शामिल करने का प्रयास करेगी। जनता के प्रत्येक वर्ग के सुझाव शामिल हों। महिलाओं को आर्थिक सहायता, स्वास्थ्य सेवा का विस्तार, सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा, नौकरियां, शिक्षा की बेहतर व्यवस्था, यमुना की सफाई जैसे महत्वपूर्ण विषय संकल्प पत्र में शामिल है। इसी दिशा में दिल्ली की जनता की प्राथमिकताओं का संज्ञान लेना और बजट की रूपरेखा तैयार करना हमारा ध्येय है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला संगठनों से 5 मार्च को विधानसभा परिसर चर्चा की जाएगी। उसी दिन शाम को शिक्षा जगत के लोगों को बुलाया गया है। 6 मार्च को दिल्ली के व्यापारियों, उद्योग संगठनों को आमंत्रित किया गया है। 7 मार्च को दिल्ली देहात, किसान, युवा, शिक्षा जगत के लोगों से विधायक और मंत्री मुलाकात करके सुझाव लेंगे। यह बजट दिल्ली की जनता का बजट होगा और हमारी कोशिश है कि उनसे जुड़े हर पहलू को देखें और सुझावों पर अमल करें। आने वाले दिनों में सभी विधायक और मंत्री जनता के बीच जाकर उनसे सुझाव लेंगे।

# वोटर लिस्ट से जुड़ेंगे मोबाइल नंबर और ई-मेल, नाम कटने पर तुरंत आएगा मैसेज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव हों या विधानसभा के। राजनीतिक दलों की ओर से मतदाता सूची से नाम काटने एवं जोड़ने को लेकर हाल में जिस तरह से आरोपों की बाढ़ आई है उससे निपटने के लिए चुनाव आयोग मुस्तैदी से जुट गया है।

जो अहम कदम उठाने के संकेत मिले हैं, उनमें मतदाता सूची को अनिवार्य रूप से मोबाइल और ईमेल से जोड़ने की तैयारी है। ताकि मतदाता सूची से नाम कटने या जुड़ने पर मतदाताओं को तुरंत ही इसकी जानकारी मुहैया कराई जा सके।

देश भर में इसे लेकर व्यापक अभियान चलाने की तैयारी है। मतदाता सूची में अभी किसी का नाम कटने पर उसे नोटिस भेजकर जानकारी देने की व्यवस्था है, लेकिन अधिकतर मामलों में उस पते पर व्यक्ति के न मिलने से वह नोटिस पहुंचता ही नहीं है। या बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) इस पर सिर्फ कागजी खानापूर्ति कर चुप बैठ जाता है।

**मोबाइल पर मिलेगी वोटर लिस्ट में नाम जुड़ने की जानकारी:** आयोग से जुड़े उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें तो मोबाइल और ईमेल के अपडेट होने से मतदाता सूची से नाम कटने से जुड़ी जानकारी न मिलने जैसी सारी समस्या खत्म हो जाएगी। आयोग की ओर से नाम सूची से हटाने या जोड़ने के साथ ही मोबाइल पर तुरंत संदेश पहुंच जाएगा। खास बात यह है कि इनमें जिस वजह से नाम मतदाता सूची से हटाया गया उसकी भी जानकारी मिल जाएगी। ऐसे में यदि मतदाता इससे संतुष्ट नहीं है तो वह तुरंत उच्च




स्तर पर उसे चुनौती भी दे सकेगा। आयोग इस मुद्दे पर चार व पांच मार्च को नई दिल्ली में होने वाली सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) की बैठक में भी चर्चा करेगा। माना जा रहा है कि इस चर्चा में ही इसके अमल का रोडमैप तैयार हो सकता है।

**देश में कुल 99 करोड़ मतदाता:** सूत्रों की मानें तो देश के लगभग 99 करोड़ मतदाताओं में से करीब 65 करोड़ मतदाताओं के मोबाइल व ईमेल आयोग के पास पहले से मौजूद हैं। इनमें से ज्यादातर मतदाताओं ने नाम जुड़ने के लिए आवेदन करने के साथ ही इसे दर्ज करा दिया है, जबकि बाकी मतदाताओं की ओर स्वैच्छिक रूप से अपना आधार नंबर दिए जाने से चुनाव आयोग के पास यह ब्योरा मौजूद है।

ऐसे में आयोग का फोकस बाकी बचे करीब 34 करोड़ मतदाताओं को लेकर है, जिनके मोबाइल और ईमेल जुटाए जाने हैं। गौरतलब है कि अभी आयोग को ऐसे मामलों से जूझना होता है जब बूथ पर मतदान के लिए पहुंचने के बाद लोगों को पता चलता है कि उनका नाम मतदाता सूची में नहीं है।

**मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने के क्या हैं नियम:** मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने के नियम काफी सख्त हैं। नाम जोड़ने के लिए फार्म-6 भरना होता है। इसके साथ ही इस बात के प्रमाण प्रस्तुत करने होते हैं कि व्यक्ति उस क्षेत्र में इस पते पर रहता है। साथ ही उसका मतदाता सूची में कहीं दूसरी जगह नाम नहीं है। इनमें अधिकतर 18 वर्ष के नए मतदाता होते हैं। जबकि नाम हटाने के लिए फार्म-7 भरना होता है। इसमें नाम हटाने के सही कारण देने होते हैं। यह फार्म किसी भी राजनीतिक दल की ओर से दिया जाता है। जिसकी बीएलओ जांच करता है और यदि संबंधित व्यक्ति उस पते पर नहीं रहता है तो फिर उसके वोटर लिस्ट में जिस जगह से नाम है तो उसे हटा देता है।

# 'केवल 2 कैग रिपोर्ट आई हैं, 14 अब भी पेंडिंग'; दिल्ली के भाजपा विधायक ने आप की चुप्पी पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** न भाजपा विधायक हरीश खुराना ने सोमवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं के पास दिल्ली विधानसभा में पेश की गईं केवल दो कैग रिपोर्ट पर कोई जवाब नहीं है, जबकि 14 रिपोर्ट अब भी पेंडिंग हैं। खुराना ने कहा कि भाजपा सरकार सभी कैग रिपोर्ट पेश करने के लिए प्रतिबद्ध है।




उन्होंने कहा, यह प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है और अभी और रिपोर्ट आनी बाकी हैं। 'आप' के पास अपनी सरकार के लिए कोई जवाब नहीं है। अरविंद केजरीवाल आज प्रेस कॉन्फ्रेंस क्यों नहीं कर रहे हैं? क्योंकि उन्हें पता है कि उनके पास देने के लिए कई जवाब हैं। अभी तक केवल दो रिपोर्ट आई हैं, और 14 अभी भी लंबित हैं। उनके लिए जवाब देना मुश्किल है।

दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि आज कैग रिपोर्ट पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा, इसके बाद नालों और सीवरों की सफाई पर संक्षिप्त चर्चा होगी। विधानसभा सत्र कानून और नियमों के अनुसार चलेगा। भाजपा विधायक सतीश उपाध्याय ने जोर देकर कहा कि भाजपा सरकार आज दिल्ली के हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर पर अहम रिपोर्ट पेश करेगी। सत्र किसी भी राज्य के कल्याण पर चर्चा के लिए होता है। अगर विपक्ष ने तय कर लिया है कि उन्होंने न तो पहले काम किया और न ही मौजूदा सरकार को काम करने देंगे, तो यह संभव नहीं है। हम तय किए गए एजेंडे पर काम करना जारी रखेंगे। शराब घोटाला हो या स्वास्थ्य नीति, सभी क्षेत्रों में जो अनियमितताएं बढ़ी हैं, उन पर आज सत्र में चर्चा होगी। रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार आज राज्य विधानसभा में शहर के हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर और मैनेजमेंट पर एक महत्वपूर्ण रिपोर्ट पेश करेगी। ट्रेजरी बेंच द्वारा जारी कार्यसूची के अनुसार, कैग द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट दिल्ली सरकार से संबंधित सार्वजनिक स्वास्थ्य अवसंरचना और स्वास्थ्य सेवाओं का प्रबंधन पर विधायकों द्वारा चर्चा की जाएगी, जो अध्यक्ष की अनुमति से नियम-280 के तहत मामले भी उठा सकते हैं।

क्या आप भी बनना चाहते हैं
जनता की आवाज ?
तो जुड़िए रणजीत टाइम्स न्यूज़पेपर के साथ
और बनिए जनता की सशक्त आवाज
आपकी खबर, आपकी ताकत!
जुड़ने के लिए अभी संपर्क करें
9827068888, 8224951278




मंगलवार को भी शेयर बाजार में 'अमंगल'